वसन्त विहार समिति के सभी सदस्यों व परिवारजनों को दीपावली की शुभ कामनायें!

1. कोरोना महामारी अभी खत्म नहीं हुई है वसन्त विहार के कुछ परिवार भी इस महामारी की चपेट में आये हैं और हमने बहुत सदस्यों व उनके परिवार के सदस्यों को असमय खोया है। दिवंगत आत्माओं की शान्ति के लिये प्रार्थना करता हूँ और सभी सदस्यों से पूर्ण सावधानी रखने की प्रार्थना करता हूँ।
2. सोसाइटी द्वारा किये गये कार्य :–

   (अ) चकरौता रोड़ के सामान्तर समिति क्षेत्र में लोहे की जाली का कार्य पूरा हो चुका है।

   (ब) पार्क नं0 10 का भी दीवार बनाने का कार्य पूरा हो चुका है।

   (स) समिति क्षेत्र के सभी खराब चकरी गेट बदले जा चुके हैं।

   (द) पार्क नं0 11 (शहीद पार्क) का काम भी पूरा हो चुका है।

3. सुरक्षा :–

हमने सीमित बजट होते हुए भी सुरक्षा के लिए सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे दिन के समय दो सुरक्षा गार्ड़ व शाम 6 बजे से सुबह 6 बजे तक रात्रि के लिए दो सुरक्षा गार्ड़ लगाये हैं जो अच्छा कार्य कर रहे हैं। आवारा जानवरों का घूमना कम हो गया है। इसी प्रकार बाहरी संदिग्ध व्यक्तियों से भी पूछताछ की जा रही है। कबाड़ी वाले व सब्जी बेचने वालों को पास दिये जा रहे हैं। सुरक्षा गार्ड़ो के मोबाइल नम्बर इस प्रकार हैं:–

(अ) दिन के समय :–

1. हरेन्द्र सिंह नेगी – 8126457237 (फेस–1)
2. प्रेम सागर – 8979706325 (फेस–2)

(ब) रात्रि के समय :–

1. सुजान सिंह नेगी – 9897554808 (फेस–1)
2. संजय कुमार – 7500338655 (फेस–2)

कृपया अपने घरों की सुरक्षा निश्चित करने के लिए 4 कैमरों वाला **CCTV** अवश्य लगायें। यह **CCTV** कैमरे सोसाइटी के कार्यालय तथा शॉपिंग सेंटर में लगे हैं। सदस्य चाहे तो देख सकते हैं। शाम के समय सुरक्षा हेतु घरों के बाहर **Security Light** जलाकर रखें। घरों में काम करने वाले नौकरों व माली का

आधार कार्ड व उनके घर का **Address Proof** अवश्य अपने पास रखें। घरों में पीछे रहने वालों का पुलिस वेरीफिकेशन अवश्य करवा लें। बेरीफिकेशन न करवाने पर गृह स्वामी से पुलिस द्वारा रू0 10,000=00 का दण्ड़ लिया जाता है। आपके घरों में रह रहे नौकरों का पुलिस वेरिफिकेशन शीघ्र करवा लें ताकि आप पुलिस दण्ड़ से बचे रहें।

4. बगीचों का हरा कूड़ा :–

कुछ सदस्यों द्वारा घरों में वृक्षों को काटकर व **Construction** का कूड़ा एवं कबाड़ बाहर फेंका जा रहा है जिससे हमें समिति क्षेत्र को साफ रखने में परेशानी हो रही है। ऐसे सदस्यों से निवेदन है कि वे स्वयं ऐसे कूड़े को हटवाने का प्रबन्ध खुद करें या सुपर वाइजर को अपने खर्चे पर उठाने के बारे में सूचित कर दें। ताकि समिति को स्वच्छ रखा जा सके। बगीचे का हरा कूड़ा उठाने को अब समिति ने दो ''छोटा हाथी'' किराये पर लिये हैं ताकि हर हफ्ते हरा कूड़ा उठाया जा सके। इसके लिए हम सदस्यों से निवेदन करते हैं कि सीमित मात्रा में निश्चित दिनों में ही हरा कूड़ा बाहर फेंके जिससे क्षेत्र को स्वच्छ रखा जा सके। नये निश्चित दिन निम्न प्रकार सुनिश्चित किये गये हैं :–

| फेस – 1 | | |
|---|---|---|
| कमांक संख्या | सफाई का क्षेत्र | नियति दिन |
| 1 | एफ0 आर0 आई0 से विवेक चौक तक | प्रत्येक सेमवार |
| 2 | क्लब क्षेत्र एवं उसकी पीछे की गलियों, गेट नं0 9 एवं 10 का क्षेत्र | प्रत्येक मंगलवार |
| 3 | गुरू राम राई प्राईमरी स्कूल का क्षेत्र तथा विवेक चौक से लवली मार्केट एवं पार्क नं0 04 का क्षेत्र | प्रत्येक बुधवार |
| 4 | पार्क नं0 05, 06 एवं 07 का क्षेत्र | प्रत्येक बृहस्पतिवार |
| 5 | पार्क नं0 08 एवं विवेक चौक सेठी मार्केट से गेट नं0 11 एवं 12 का क्षेत्र | प्रत्येक शुकवार |
| 6 | कड़वा पानी रोड़ (फेस–2) | प्रत्येक शनिवार |

एवं

| फेस – 2 | | |
|---|---|---|
| क्रमांक संख्या | सफाई का क्षेत्र | नियति दिन |
| 1 | विवेक चौक से काली मन्दिर एवं पार्क नं0 14 का क्षेत्र | प्रत्येक सेमवार |
| 2 | पार्क नं0 11 का क्षेत्र | प्रत्येक मंगलवार |
| 3 | सेमल पेड़ से पार्क नं0 13 एवं गेट नं0 17 | प्रत्येक बुधवार |
| 4 | पार्क नं0 09 एवं 10 का क्षेत्र | प्रत्येक बृहस्पतिवार |
| 5 | पार्क नं0 12 के चारों तरफ से गेट नं0 18 तक | प्रत्येक शुक्रवार |
| 6 | भूड़ गाँव तथा पण्ड़ितवाड़ी वाली रोड़ (फेस–2) | प्रत्येक शनिवार |

5. पेड़ों को पातन/लापिंग :–

इस बारे में हम जून 2021 के न्यूज लेटर में विस्तार से बता चुके हैं। **DFO** द्वारा आदेश आने के पश्चात ही पेड़ों को पातन/लापिंग की जाती है।

6. सोसाइटी जमीन पर अतिक्रमण :–

कृपया नोट करें कि आपकी चार दीवारी के बाहर जमीन पर कोई भी अतिक्रमण न करें। चार दीवारी के बाहर की जमीन आपकी नहीं है। लेकिन अभी भी बहुत से सदस्य अपनी बाउण्ड्री के बाहर सीमेंट की टाइल्स, रैम्प या पौधों को लगाने के लिए ईंट व सीमेन्ट के गमले बना रहे हैं। इन अतिक्रमणों को समिति द्वारा कभी भी हटाया जा सकता है। दुर्भाग्यवश जब सदस्यों से ऐसा न करने के लिये कहा जाता है तो वे पुराने हुये अतिक्रमणों का उदाहरण देते हैं और कहते हैं कि पहले हुये अतिक्रमणों को हटाओ फिर हम हटायेगें। पुराने अतिक्रमणों की आड़ में, अपने अतिक्रमण का बचाव करना–सभ्य नागरिक को शोभा नहीं देता है**;** इससे बचें। ऐसा बचाव किसी भी सभ्य समाज में नहीं होता है, इस दिशा में निम्न **Policy** बनाई गई है:–

**(i)** जो पुराने अतिक्रमण है उनको हटाने की अलग व्यवस्था की जा रही है।

**(ii)** नये अतिक्रमणों को रोका जा रहा है, अगर ऐसे सदस्य बाज नहीं आते हैं तो ऐसे अतिक्रमण, दोषी सदस्य की **Cost** पर **Society** द्वारा तोड़े जायेंगे।

इस समय मुख्यतः दो, तीन भवनों में हुये अतिक्रमण **Society** की निशाने पर है और उसे हटाने की तैयारी हो रही है। कुछ प्लॉटों के मालिक शासन से ऊँचे पद से सेवा निवृत्त हुए हैं। हम उनके पद का सम्मान करते हैं लेकिन उन्हें भी **Society** के नियमों का सम्मान करना होगा अगर वह ऐसा करते हैं तो उनकी ही प्रतिष्ठा में इजाफा होगा। उनसे विनम्र निवेदन है कि वह अतिक्रमण की प्रवृति को रोकें और अतिक्रमण को हटायें।

7. <u>सोसाइटी धन राशि</u> :–

आपको ज्ञात है कि हम सोसाइटी धनराशि बहुत कम ले रहे हैं। इस राशि में इतने बड़े क्षेत्र का रख रखाव बहुत मुश्किल है। हमें समिति क्षेत्र को बहुत सुन्दर व स्वच्छ बनाना है। सोसाइटी धनराशि में निम्न बदलाव किये गये हैं:–

(i) 01 अप्रैल 2022 से वार्षिक धनराशि रू0 3600=00 होगी।

(ii) यह धनराशि साल 2022 –23 के लिए एक बार में ही रू0 3600=00, 01 अप्रैल 2022 से 30 जून 2022 तक **Advance** में ली जाएगी। बिलम्ब के लिए 20% का दण्ड़ देना होगा।

(iii) ऐसे सदस्य जो धनराशि का भुगतान नहीं करते हैं, उनके घरों को कार्यालय की सुविधायें प्रदान नहीं की जायेंगी और समय–समय पर ऐसे सदस्यों का नाम सार्वजनिक भी कर दिया जायेगा।

(iv) हम बार–बार आपसे अनुरोध करते रहे हैं कि चुनाव वर्ष होने के कारण आप अपनी सोसाइटी की बकाया राशि समय पर चुका दें। आज की स्थिति के चलते, 29 सदस्यों ने अभी तक, न तो पुराना बकाया धनराशी जमा कराई है और न 01 अप्रैल 2020 से 31 मार्च 2021 तक के **Society Charges** जमा कराये हैं। इनके नाम **Whatsapp** पर 22 अक्टूबर 2021 को सार्वजनिक कर दिये गये हैं। वे चुनाव में भाग लेने के लिए अयोग्य हैं। शेष सदस्यों की पात्रता जिन्होंने अभी तक 2021 – 2022 की अपनी बकाया राशि का भुगतान नहीं किया है, उनकी चुनाव में भाग लेने की पात्रता "निर्वाचन अधिकारी" द्वारा तय की जाएगी।

8. <u>समिति के नये मैनेजमेंट का चुनाव</u> :–

जैसा कि आप सबको समय–समय पर सूचित किया जा चुका है कि समिति के निर्वाचन दिसम्बर माह के पहले या दूसरे सप्ताह में होंगे। निर्वाचन, उत्तराखण्ड़ सहकारी समिति अधिनियम 2003 और उत्तराखण्ड़ सहकारी समिति नियमावली

2001 के अनुसार निर्वाचन अधिकारी द्वारा कराये जायेंगे। निर्वाचन अधिकारी की नियुक्ति जिलाधिकारी द्वारा की जायेगी। समिति के वार्ड़ और समूहों की मतदाता सूची आपको 8 अप्रैल 2021 को प्रेषित की जा चुकी हैं। अन्तिम मतदाता सूची निर्वाचन अधिकारी के आदेशानुसार, समिति के कार्यालय और **Community Centre** में प्रदर्शित की जायेगी।

मतदाता सूचि में 2011 से कोई बदलाव नहीं किया गया है और नियमानुसार यह सूचि, 3 अगस्त 2021 को **AR Office** में भेज दी गयी है।

9. निर्वाचन प्रक्रिया :–

कोओपरेटिव सोसाइटी में निर्वाचन पूरी तरह लोकतान्त्रिक (**Democratic**) विधि से होता है। लगभग 15–16 सदस्यों के प्रत्येक समूह से एक प्रतिनिधि चुना जाता है। प्रतिनिधि के चुनाव के लिए नामांकन पत्र, निर्वाचन अधिकारी द्वारा बिक्री किये जायेंगे। एक समूह से जो भी प्रत्याशी होगा उसका एक सदस्य प्रस्तावक एवं एक समर्थक केवल उसी समूह से होना अनिवार्य है। वह किसी अन्य प्रत्याशी का प्रस्तावक व समर्थक नहीं हो सकता है। अगर कोई सदस्य गलती से एक से अधिक प्रत्याशी के नामांकन पत्र पर प्रस्तावक या समर्थक हो जाता है तो दोनों प्रत्याशियों के नामांकन अवैध और रद्द हो जाएंगे। प्रत्याशी, प्रस्तावक एवं समर्थक अन्तिम मतदाता सूची में अनर्ह नहीं होने चाहिये। यदि किसी समूह में एक से अधिक प्रत्याशी हों तो जिसको भी उस समूह के अधिक सदस्य वोट मिलेंगे, वही चुना जाएगा। समूह से केवल एक ही वैध नामांकन आने पर उसे निर्विरोध चुना जाएगा।

पहले **Stage** में समूहों के 50 प्रतिनिधियों का निर्वाचन होगा जो फिर अपने अपने वार्ड़ के लिए प्रबन्ध कमेटी के 8 वार्ड़ों के सदस्य का निर्वाचन करेंगे। अन्त में प्रबन्ध कमेटी के सदस्यों द्वारा सभापति तथा उपसभापति का निर्वाचन होगा।

आपसे निवेदन है कि यदि आप इस समिति को स्वच्छ, सुन्दर व आकर्षक बनाना चाहते हैं और यह भी चाहते हैं कि इसका निरन्तर विकास होता रहे तो बढ़ चढ़कर चुनाव प्रक्रिया में भाग लें व सुनिश्चित करें कि मैनेजमैंट कमेटी में सुविचार व **Active** सदस्य ही चुन कर आयें। नई मैनेजमैंट कमेटी अगले पांच सालों के लिए चुनी जायेगी।

वर्तमान समिति द्वारा प्रकाशित यह समाचार पत्र अन्तिम होगा। अगला समाचार पत्र नई समिति द्वारा प्रकाशित होगा। अपने 16 महिने के छोटे से कार्यकाल में मुझे आपका भरपूर सहयोग और "**Wednesday Meetings**" के माध्यम से मार्गदर्शन मिलता रहा है, जिसके लिये मैं **Society** के सभी सदस्यों का एवं प्रबन्ध कमेटी के सदस्यों का अत्यन्त आभारी हूँ, और उनका धन्यवाद करता हूँ। अपने **Society Office Staff** एवं **Casual Staff** का भी आभारी हूँ जिन्होंने अपने अथक प्रयास से हमारे काम को आसान बनाया और आशा करता हूँ कि आप सब मिलकर नई समिति का भी इसी तरह सहयोग करते रहेंगे।

धन्यवाद!

आपका हितैषी

कर्नल (रि0) बी डी डंगवाल
सभापति